दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार 21 जुलाई 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 293

## महत्वपूर्ण एवं खास

### किडनी चोरी के शक पर जलती चिता से ही उठा लिया शव

**अनूपपुर (आरएनएस)।** मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले में किडनी चोरी के शक पर एक व्यक्ति के शव को पुलिस ने चिता से ही उठाकर अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा दिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि महेन्द्र गोण्ड 13 जुलाई की रात को सडक़ दुर्घटना में घायल हो गया था, जिसका इलाज जबलपुर के एक निजी अस्पताल में चला। उपचार के दौरान 18 जुलाई को महेंद्र की मृत्यु हो गई। 19 जुलाई को जब शव को अंतिम संस्कार के लिए नहलाया गया तो उसके पेट में चीरे लगे दिखे, जबकि महेन्द्र के सिर में चोट थी। अंतिम संस्कार के लिए महेंद्र के शव को चिता पर लेटा दिया गया था। पुलिस ने महेन्द्र के पिता की ओऱ से किडनी चोरी की शिकायत मिलने के बाद तीन डाक्टरों से वीडियोग्राफ़ी के माध्यम से पोस्टमार्टम करवाया है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने पर पुलिस अगला कदम उठायेगी।

### मुंबई अपराध शाखा कर रही है सोमैया के कथित वायरल वीडियो की जांच

**मुंबई (आरएनएस)।** मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता किरीट सोमैया के एक कथित वायरल वीडियो की जांच शुरू कर दी है, वीडियो को एक मराठी समाचार चैनल ने भी प्रसारित किया है। अपराध शाखा के सूत्रों ने कहा कि शाखा 10 तकनीकी और साइबर विशेषज्ञों की मदद से वीडियो की प्रामाणिकता की जांच करेगी। सूत्रों ने कहा कि अपराध शाखा उस मराठी समाचार चैनल से पूरी वीडियो क्लिप के लिए अनुरोध करेगी जिसने इसे मूल रूप से प्रसारित किया था और वीडियो की प्रामाणिकता को सत्यापित करने के लिए चैनल को एक पत्र भेजा जाएगा। उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडऩवीस ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं, जिसके बाद पुलिस को जांच शुरू करनी पड़ी। सोमैया ने कथित वीडियो वायरल होने के बाद खुद ट्वीट कर फडऩवीस से मामले की जांच करने का आग्रह किया। सभी राजनीतिक दलों ने घटना की जांच की मांग की है।

### बंगाल में महिलाओं पर अत्याचार : भाजपा महिला सांसदों ने नड्डा को सौंपी रिपोर्ट

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पश्चिम बंगाल में महिलाओं पर हुए अत्याचार के मामलों को लेकर भाजपा महिला सांसदों की जांच समिति ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात कर अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। आपको बता दें कि, भाजपा ने पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव के दौरान हुई हिंसा में महिलाओं पर हुए अत्याचार एवं व्यापक पैमाने पर हुई हिंसा की जांच करने के लिए अपने पांच महिला सांसदों की जांच समिति बनाकर उसे बंगाल जाकर महिलाओं पर हुए अत्याचार की जांच करने का निर्देश दिया था। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा गठित पांच महिला सांसदों की जांच समिति का संयोजक भाजपा सांसद सरोज पाण्डेय को बनाया गया था और वहीं पार्टी के अन्य चार महिला सांसदों रमा देवी, अपराजिता सारंगी, कविता पाटीदार और संध्या राय को इस समिति में शामिल किया था।भाजपा महिला सांसदों की इस समिति ने आज पार्टी अध्यक्ष नड्डा को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। भाजपा पश्चिम बंगाल, राजस्थान और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में महिलाओं पर हुए अत्याचार को संसद के अंदर भी जोर-शोर से उठाने की तैयारी कर रही है।

# मणिपुर में महिलाओं को नग्न घुमाने के मामले में कार्यवाई, एक आरोपी गिरफ्तार

**इम्फाल (आरएनएस)।** मणिपुर पुलिस ने गुरुवार को थौबल जिले में 4 मई को भीड़ द्वारा दो महिलाओं को नग्न घुमाने और उनके साथ सामूहिक बलात्कार की भयावह घटना के संबंध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने कहा, सरकार आरोपियों के लिए मौत की सजा पर विचार करेगी। मामले की गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए, गृह विभाग संभाल रहे बीरेन सिंह ने कहा कि फिलहाल जांच चल रही है और उनकी सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि सभी अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, इसमें मृत्युदंड की संभावना पर भी विचार किया जाए। मुख्यमंत्री ने एक ट्वीट में कहा, उन दो महिलाओं के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं, जिनके साथ बेहद अपमानजनक और अमानवीय कृत्य किया गया, जैसा कि कल सामने आए वीडियो में दिखाया गया है। वीडियो सामने आने के बाद घटना का संज्ञान लेते हुए मणिपुर पुलिस हरकत में आई और गुरुवार सुबह पहली गिरफ्तारी की। इस बीच, एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने कहा कि बुधवार को घटना का वीडियो सामने आने के तुरंत बाद, थौबल के नोंगपोक सेकमाई पुलिस स्टेशन में अज्ञात हथियारबंद बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया और अपराधियों को पकडऩे के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी शुरू की गई।

अधिकारी ने बताया, राज्य पुलिस दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। हम आज शाम तक और आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफल होंगे. मणिपुर पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों द्वारा आसपास के जिलों में भी तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

अधिकारी ने कहा कि अपराधियों को पकडऩे के लिए व्यापक तलाशी के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में कई पुलिस टीमों का गठन किया गया है।

4 मई की घटना जातीय हिंसा भडक़ने के ठीक एक दिन बाद हुई, जिसमें अब तक सैकड़ों लोग मारे गए हैं और हजारों लोगों को अपने घरों से विस्थापित होने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम (आईटीएलएफ) के मुताबिक, दोनों महिलाओं को नग्न घुमाने के बाद धान के खेत में उनके साथ सामूहिक बलात्कार भी किया गया। फोरम ने कहा कि तीन मई के बाद से कुकी आदिवासियों पर हुए अत्याचार के सबूत लगातार सामने आ रहे हैं। बुधवार को वायरल हुए एक वीडियो में मैतेई की एक बड़ी भीड़ दो कुकी-ज़ो आदिवासी महिलाओं को सामूहिक बलात्कार के लिए धान के खेत की ओर नग्न अवस्था में ले जाती हुई दिखाई दे रही है। आईटीएलएफ के प्रवक्ता गिन्ज़ा वुअलज़ोंग ने बयान में कहा, 4 मई को हुआ घृणित दृश्य, पुरुषों को असहाय महिलाओं के साथ छेड़छाड़ करते हुए दिखाता है, जो रोती हैं और छोडऩे की गुहार लगाती हैं। प्रवक्ता ने कहा कि सामूहिक बलात्कार बी फीनोम गांव की सीमा के भीतर हुआ था, जिसे जला दिया गया था। उन्होंने यह भी दावा किया कि उसी गांव में भीड़ ने एक अधेड़ और एक किशोर की पीट-पीट कर हत्या कर दी।

आईटीएलएफ ने कहा कि निर्दोष महिलाओं की पीड़ा अपराधियों के उस वीडियो को साझा करने से और बढ़ गई, इससे उनकी पहचान भी उजागर हो गई। बयान में कहा गया,आईटीएलएफ इस घृणित कृत्य की कड़ी निंदा करता है और केंद्र और राज्य सरकारों, राष्ट्रीय महिला आयोग और राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग से अपराध का संज्ञान लेने और दोषियों को न्याय दिलाने के लिए सभी आवश्यक उपाय करने की मांग करता है।

### मणिपुर के वायरल वीडियो पर एनसीडब्लू ने लिया संज्ञान, ट्विटर को नोटिस जारी

राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने मणिपुर के वायरल वीडियो पर स्वत: संज्ञान लिया, जिसमें दो महिलाओं को पुरुषों की भीड़ द्वारा नग्न परेड कराया जा रहा है और ट्विटर को नोटिस जारी किया। एनसीडब्ल्यू ने ट्वीट किया, एनसीडब्ल्यू मणिपुर घटना की निंदा करता है। डीजीपी मणिपुर को तुरंत उचित कार्रवाई करने के लिए कहा गया है। एनसीडब्ल्यू प्रमुख रेखा शर्मा ने कहा कि घटना में शामिल एक संदिग्ध को पकड़ लिया गया है। और भी लोगों के गिरफ्तार होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, एनसीडब्ल्यू ने वीडियो के प्रसार पर ट्विटर को जिम्मेदार मानते हुए उसे नोटिस जारी किया है। मणिपुर में जातीय हिंसा भडक़ने के एक दिन बाद 4 मई को हुई इस घटना का वीडियो बुधवार को वायरल हो गया। इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम (आईटीएलएफ) के अनुसार, दोनों महिलाओं को भीड़ द्वारा नग्न अवस्था में घुमाने के बाद धान के खेत में सामूहिक बलात्कार किया गया। स्थिति की गंभीरता ने सुप्रीम कोर्ट का ध्यान खींचा, जिसने अब वायरल वीडियो पर स्वत: संज्ञान लिया है। दिल दहला देने वाली घटना पर भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली सुप्रीम कोर्ट की खंडपीठ ने केंद्र और राज्य सरकार से 28 जुलाई तक कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है। शीर्ष अदालत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि यदि आवश्यक कार्रवाई तुरंत नहीं की गई तो वह हस्तक्षेप करेगी।

## सड़क हादसा देखने जुटे लोगों को तेज रफ्तार कार ने रौंदा, 2 पुलिस कांस्टेबल समेत 9 लोगों की मौत

**अहमदाबाद (आरएनएस)।** गुजरात के अहमदाबाद में भीषण सडक़ हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई है और 12 लोग जख्मी हुए हैं। यहां पहले एक थार और डम्पर के बीच एक्सीडेंट हुआ, उसे देखने के लिए लोग जुटे हुए थे। उसी वक्त तेज रफ्तार से आ रही जगुआर कार ने वहां खड़े लोगों को कुचल दिया। हादसे में 2 पुलिस कांस्टेबल समेत 9 की मौत हो गई है।

पुलिस ने बताया है कि सरखेज-गांधीनगर हाईवे पर इस्कॉन फ्लाईओवर पर एक महिंद्रा थार ने डंपर में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे के बाद बड़ी संख्या में भीड़ वहां इकट्ठा हो गई। घायलों को निकालकर अस्पताल पहुंचाने की तैयारी हो रही थी, तभी एक तेज .रफ्तार जगुआर कार ने भीड़ को रौंद दिया। जिसमें 9 लोगों की जान चली गई। हादसे में कार चालक भी घायल हुआ है, उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद घटनास्थल पर भारी संख्या में पुलिस फोर्स पहुंची और रेस्क्यू शुरू किया गया।

## महाराष्ट्र के रायगढ़ में बड़ा हादसा : भूस्खलन की चपेट में आया पूरा गांव, पांच की मौत- 100 से अधिक लोगों को सुरक्षित निकाला

**महाराष्ट्र (आरएनएस)।** महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में एक बड़ा हादसा हुआ है। यहां भारी बारिश के बाद भूस्खलन आने से पूरा गांव ही चपेट में आ गया है। इस हादसे में करीब पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 100 से अधिक लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। घटनास्थल पर एनडीआरएफ की 4 टीमें स्थानीय प्रशासन के साथ बचाव कार्यों में जुटी हैं। मौके पर रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। भूस्खलन की इस घटना में अभी और लोगों के दबे होने की आशंका है।

जानकारी के अनुसार खालापुर कस्बे के निकट भारी बारिश के कारण एक आदिवासी गांव इरसाल वाड़ी पर पहाड़ी खिसक गई, जिससे बड़ी संख्या में लोग मलबे के नीचे दब गए। राज्य सरकार में मंत्री उदय सामंत के अनुसार, इस घटना में बचाव कार्य जारी है। अब तक 100 लोगों को बचाया गया है। इस भूस्खलन में आदिवासी लोगों घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। घटना स्थल पर करीब 30 से अधिक परिवार फंसे हुए हैं। एनडीआरएफ की टीमें बचाव कार्य में जुट गई है।

बता दें कि राज्य के कुछ हिस्सों में लगातार बारिश के बीच, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने गुरुवार को रायगढ़ के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। जिला प्रशासन ने भूस्खलन की घटना के बाद बचाव अभियान में गैर सरकारी संगठनों से आगे आने और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की सहायता करने की अपील की है।

रायगढ़ के जिला कलेक्टर योगेश म्हासे ने बताया कि घटना आधी रात को हुई और एक उप-विभागीय अधिकारी और खोपोली के तहसीलदार की एक टीम घटनास्थल पर पहुंची।

## बैंक ऑफ इंडिया में 9.24 करोड़ का बड़ा स्कैम आया सामने, दो मैनेजरों समेत 27 पर एफआईआर

**जमशेदपुर (आरएनएस)।** झारखंड के जमशेदपुर में बैंक ऑफ इंडिया में लोन देने के नाम पर बड़ा स्कैम सामने आया है। इसे बैंक के ही दो ब्रांच मैनेजरों ने अंजाम दिया है। दो दर्जन से भी ज्यादा लोगों और कंपनियों को लोन देने के नाम पर इन दोनों मैनेजरों ने 9.24 करोड़ रुपए का घोटाला कर दिया।

जांच में स्कैम पकड़े जाने के बाद बैंक ऑफ इंडिया के बिष्टुपुर ब्रांच के सीनियर मैनेजर ने दोनों आरोपी अधिकारियों सहित 27 व्यक्तियों और कंपनियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। जिन दो ब्रांच मैनेजरों पर इस घोटाले का आरोप है, उनमें जमशेदपुर के कदमा उलियान ब्रांच में पदस्थापित रहे धीरज कुमार झा और धालभूमहढड के गोहारडांगरा ब्रांच के मैनेजर नीतेश शामिल हैं।

बताया जा रहा है कि बैंक की रांची स्थित विजिलेंस टीम ने बीते मार्च महीने में कदमा उलियान स्थित ब्रांच का निरीक्षण किया था, जिसमें यह स्कैम पकड़ में आया। फिर तथ्यों की जांच-पड़ताल में यह बात सामने आई कि फर्जी लोन के आधार पर कुल 9.24 करोड़ रुपए की निकासी की गई है। दोनों ब्रांच मैनेजरों ने ग्राहकों और कंपनियों के नाम पर फर्जी कागजात बनवाए और उनके नाम पर लोन मंजूर कर अलग-अलग अकाउंट्स में रकम ट्रांसफर कर दी गई।

फर्जी लोन का यह स्कैम 2020 में ही शुरू हुआ था और यह सिलसिला मार्च 2023 तक चलता रहा। किसी के नाम पर दस तो किसी के नाम पर पचास लाख तक का फर्जी लोन सैंक्शन कर रकम ट्रांसफर की जाती रही। बताया जा रहा है कि जिनके नाम पर लोन सैंक्शन किया गया, उन्हें इनकी भनक भी नहीं लगी।

हालांकि, बैंक की ओर से जो एफआईआर दर्ज कराई गई है, उसमें उन सभी 27 लोगों और कंपनियों को भी आरोपी बनाया गया है, जिनके नाम पर लोन की रकम निकाली गई है।

बहरहाल, एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। दोनों आरोपी बैंक मैनजरों की तलाश की जा रही है।

## चंबा के बाद अब किन्नौर में फटा बादल, कई गाड़ियां बहीं; हाईवे बंद- अलर्ट जारी

**किन्नौर (आरएनएस)।** हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले के कामरू और टोंगचे नाला में बादल फटने से भारी तबाही हुई है। बादल फटने के बाद आई बाढ़ में 12 परिवारों के सेब के बगीचे पूरी तरह तबाह हो गए। हालांकि कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है लेकिन बागवानों की सालभर की सेब बगीचों की मेहनत मिट्टी में मिल गई।

इस घटना में करीब 20-25 गाडिय़ां फ्लैश फ्लड में बह गई। बताया जा रहा है कि यह घटना गुरुवार की सुबह हुई है। छितकूल से पहले सांगला के कामरू गांव में भारी बारिश हुई और ऐसी तबाही मची। बताया जा रहा है कि फ्लैश फ्लड की वजह से जो मलबा आया है उससे सेब के बागीचों को भी नुकसान हुआ है।

यहां टुंगतुंग नाले ने उफनती नदी का रूप धारण कर लिया। नाले का बहाव बदलकर कामरु गांव की ओर हो गया। इस नाले में उफान आने के कारण तेज़ धारा में कई गाडिय़ां बह गई। इसके अलावा लोगों के खेत और बगीचे भी सैलाब में बहने से तबाह हो गए। गनीमत यह रही कि फ्लैश फ्लड की वजह से कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है।इससे पहले बुधवार को चंबा के सलूणी में भारी बारिश से कई गाडिय़ां बह गई थीं। मंगलवार को कुल्लू के रायसन में फ्लैश फ्लड से 1 युवक की मौत की भी जानकारी सामने आई थी।

इससे पहले हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के सलूणी उपमंडल के हिस्सों में बुधवार को भारी बारिश से आवासों, दुकानों और गौशालाओं को नुकसान पहुंचा है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस दौरान किसी की मृत्यु की कोई सूचना नहीं है। चंबा के उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि सलूणी गांव में बारिश से आठ पक्के मकान, 11 कच्चे मकान, चार दुकानें और 16 गौशालाएं क्षतिग्रस्त हुई हैं। उन्होंने बताया कि तिलका और देवारी गांवों में परिवारों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया गया है।

## विदेश में बढ़ाया भारत का मान, सात वर्षीय छात्रा ने जीता पीएम प्वॉइंट्स ऑफ लाइट पुरस्कार

**लंदन ।** भारतीय मूल की सात वर्षीय लडक़ी मोक्षा रॉय को तीन साल की उम्र से बच्चों के लिए धन जुटाने सहित कई अन्य पहलों के लिए स्वेच्छा से काम करने को ब्रिटिश प्रधान मंत्री प्वॉइंट्स ऑफ लाइट पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। पिछले सप्ताह ब्रिटिश उपप्रधान मंत्री ओलिवर डाउडेन से पुरस्कार प्राप्त करने वाली मोक्षा रॉय ने माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) पहल के लिए स्वेच्छा से अपनी यात्रा शुरू की।

इस पहल का कैंटरबरी के आर्कबिशप और संयुक्त राष्ट्र टास्क फोर्स ने समर्थन किया। इससे मोक्ष को तीन साल की उम्र में दुनिया की सबसे कम उम्र की स्थिरता वकील होने का गौरव प्राप्त हुआ। मोक्ष ने कहा, मैं प्वॉइंट्स ऑफ लाइट पुरस्कार पाकर बहुत खुश हूं। मुझे उम्मीद है कि बच्चों और वयस्कों दोनों को यह समझ आ जाएगा कि ग्रह और इसके लोगों की देखभाल करना और रोजमर्रा की जिंदगी में छोटे-छोटे बदलाव करना सिर्फ कुछ लोगों के लिए नहीं होना चाहिए।

यह बिल्कुल हमारे दांतों को ब्रश करने जैसा है। हम अपने दांतों की देखभाल और दर्द से बचने के लिए ब्रश करते हैं, इसी तरह हम किसी और के लिए नहीं, बल्कि सिर्फ अपने सुरक्षित रहने के लिए ग्रह की देखभाल कर सकते हैं। मोक्ष यूके में अपने स्कूल के माध्यम से युवाओं को और रेडियो, प्रेस और ऑनलाइन प्लेटफार्मों के माध्यम से दुनिया भर के हजारों बच्चों को स्थिरता के बारे में शिक्षित करना जारी रखे है।

## अंतरराष्ट्रीय चांद दिवस पर भारतवासियों को अमूल्य तोहफा, चांद के एक कदम और करीब पहुंचा चंद्रयान-3

**बेंगलुरु (आरएनएस)।** चंद्रयान-3 ने अपने लक्ष्य की ओर अबाद्ध गति से बढ़ते हुए गुरुवार को चंद्रमा की कक्षा की ओर एक और कदम बढ़ाया और अंतरराष्ट्रीय चांद दिवस पर भारतवासियों को अमूल्य तोफा दिया। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने आज चौथी बार चंद्रयान-3 को चांद के और करीब पहुंचाया।

वैज्ञानिकों ने इसरो टेलीमेट्री, ट्रैकिंग और कमांड नेटवर्क (आईएसटीआरएसी) सुविधा केन्द्र से चौथी बार धरती से फायरिंग (अर्थ बाउंड पेरिगी फायरिंग) करके चंद्रयान-3 को सफलतापूर्वक चांद के और करीब पहुंचाया। वैज्ञानिक अब 25 जुलाई को अपराह्न दो से तीन के बीच फायरिंग करके चंद्रयान को लक्ष्य के और करीब पहुंचायेंगे।

इसरो ने आज ट्वीट करके कहा कि चंद्रयान-3 के साथ सबकुछ ठीक है। इसरो अध्यक्ष डॉ. एस. सोमनाथ के अनुसार सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के श्रीहरिकोटा लांचिंग रेंज से सफलतापूर्वक चंद्रयान-3 का चौथा ऑर्बिट मैन्यूवर किया गया।

इससे पहले इसरो ने 18 जुलाई को अपराह्न दो से तीन बजे के बीच तीसरी बार धरती से फायरिंग करके चंद्रयान-3 का ऑर्बिट मैन्यूवर किया था।

इसरो चंद्रमा पर अपना तीसरा मून मिशन भेज चुका है। चंद्रयान-3 के माध्यम से भारत दूसरी बार चांद की सतह पर लैंडिंग का प्रयास कर रहा है। चंद्रयान-3 चांद की ऐसी जगह पर 'कदम' रखने का प्रयास करेगा जिसे किसी देश ने 'छूने' की कोशिश नहीं की है। भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के नजदीक स्थित मैंजिनस-यू क्रेटर के पास चंद्रयान-3 को उतार सकता है। अगर चंद्रयान-3 मिशन सफल रहा, तो भारत दक्षिणी ध्रुव के पास लैंडर उतारने वाला पहला देश बन जाएगा।

पृथ्वी की कक्षा में चंद्रयान-3 के कुल पांच इंजेक्शन ऑर्बिट हैं। फायरिंग पूरा होने पर चंद्रयान-3 धरती की कक्षा से पूरी तरह बाहर चला जायेगा। वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि यह प्रक्रिया 31 जुलाई से एक अगस्त के बीच देर रात तक पूरी हो जायेगी।